भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं.1779

जिसका उत्तर 28.11.2019 को दिया जाना है

नागालैंड में राष्ट्रीय राजमार्ग-207-ए हेतु निधियां

1779. श्री तोखेहो येपथोमीः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2018-19 और 2019-20 के दौरान नागालैंड में राष्ट्रीय राजमार्ग 207-ए हेतु कितनी निधियां प्रदान की गई हैं;

(ख) क्या सरकार का विचार उक्त राजमार्ग को दो लेन का बनाने हेतु निधि प्रदान करने का है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त प्रयोजनार्थ क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क): नागालैंड में राष्ट्रीय राजमार्ग-207ए नहीं है लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग 702ए है। मंत्रालय निधियों का आवंटन राज्य-वार करता है राष्ट्रीय राजमार्ग-वार नहीं। नागालैंड में राष्ट्रीय राजमार्ग के विकास और अनुरक्षण के लिए वर्ष 2018-19 और 2019-20 के दौरान क्रमश: 726.52 करोड़ और 462.54 करोड़ रु. आवंटन/व्यय किए गए हैं।

(ख) और (ग): राष्ट्रीय राजमार्ग 702ए के 82 किमी लंबाई में 2 लेन बनाने का कार्य प्रगति में है और पारस्पिक प्राथमिकता, यातायात घनत्व और निधियों की उपलब्धता के आधार पर शेष खंडों को 2 लेन का बनाया जाना है।

******